टेस्ट मैच : गाले में गिल के सामने स्पिन की चुनौती

600 वें टेस्ट में युवा कप्तान की होगी बड़ी परीक्षा

गाले , 14 अगस्त श्रीलंका के खिलाफ शनिवार से शुरू होने जा रहे ऐतिहासिक 600वें टेस्ट से पहले भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने टीम प्रबंधन और बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के बीच तालमेल में कमी की खबरों को सिरे से खारिज कर दिया.

उन्होंने कहा कि चोटिल खिलाड़ियों की फिटनेस को लेकर दोनों पक्ष लगातार संपर्क में थे और पूरी प्रक्रिया विचार-विमर्श के बाद ही आगे बढ़ी. भारत के लिए यह मुकाबला इसलिए भी खास है, क्योंकि टीम पुरुष टेस्ट क्रिकेट में 600 मैच पूरे करने जा रही है. हालांकि, इस ऐतिहासिक मौके के साथ गिल की कप्तानी की एक कठिन परीक्षा भी जुड़ी है. जसप्रीत बुमराह और साई सुदर्शन की गैरमौजूदगी के बीच उन्हें गाले की स्पिन मददगार परिस्थितियों में सही संयोजन और रणनीति तैयार करनी होगी. गिल ने कहा कि साई सुदर्शन की फिटनेस में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ, इसलिए टेस्ट क्रिकेट में जोखिम नहीं लिया जा सकता. उन्होंने साफ किया कि पांच दिन के मुकाबले की मांग वनडे और टी-20 से अलग होती है और पूरी तरह फिट नहीं हुए खिलाड़ी को उतारना टीम के हित में नहीं होगा. बुमराह और सुदर्शन की अनुपस्थिति को निराशाजनक बताते हुए भी गिल ने 15 सदस्यीय टीम पर पूरा भरोसा जताया. उनका मानना है कि टीम में मौजूद हर खिलाड़ी किसी भी परिस्थिति में मैच जिताने की क्षमता रखता है. गाले में भारतीय टीम के सामने सबसे बड़ी चुनौती स्पिन की होगी. यहां की पिच लंबे समय से स्पिनरों के लिए मददगार मानी जाती है और मैच आगे बढ़ने के साथ गेंद के टर्न होने की संभावना बढ़ सकती है. भारत अपनी ओर से भी स्पिन का मजबूत विकल्प तैयार कर रहा है. गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्केल ने कुलदीप यादव, रवींद्र जडेजा और मानव सुथार को एक साथ खिलाने की संभावना के संकेत दिए हैं.

गर्मी और उमस में नरम पड़ सकती है गेंद

कुलदीप अपनी कलाई की स्पिन और विविधता से बल्लेबाजों को परेशान कर सकते हैं, जबकि जडेजा सटीक लाइन-लेंथ और नियंत्रण के लिए अहम होंगे. युवा मानव सुथार को भी गिल ने भरोसेमंद विकल्प बताया है, जो आठवें नंबर पर उपयोगी बल्लेबाजी के साथ गेंदबाजी में योगदान दे सकते हैं. हालांकि तेज गेंदबाजों की भूमिका भी कम महत्वपूर्ण नहीं होगी. गाले की गर्मी और उमस में कूकाबुरा गेंद करीब 25 से 30 ओवर के बाद नरम पड़ सकती है, जिससे तेज गेंदबाजों को शुरुआती ओवरों में ही अधिकतम फायदा उठाना होगा.

रक्षा मंत्री ने राष्ट्रमंडल खेलों के पदकवीर जवानों को सराहा

सेना के खिलाड़ियों ने जीते 8 स्वर्ण, 7 रजत और 1 कांस्य पदक

16 पदक सेना के खिलाड़ियों ने जीते

नई दिल्ली, 14 अगस्त रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ ने स्कॉटलैंड के ग्लासगो में हाल ही में संपन्न राष्ट्रमंडल खेलों में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारतीय रक्षा बलों के खिलाड़ियों से बातचीत कर उनका उत्साह बढ़ाया. सेना की टीम ने इन खेलों में कुल 16 पदक अपने नाम किए, जिनमें आठ स्वर्ण, सात रजत और एक कांस्य पदक शामिल हैं.

भारतीय खिलाड़ियों के इस शानदार प्रदर्शन में रक्षा बलों के जवानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही. भारत ने राष्ट्रमंडल खेलों में कुल 39 पदक जीते, जिनमें 18 पदक भारतीय रक्षा बलों के खिलाड़ियों के खाते में आए. इनमें सेना के खिलाड़ियों ने 16, जबकि नौसेना के खिलाड़ियों ने दो पदक जीते. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करना अपने आप में बड़ी जिम्मेदारी है और शारीरिक तथा मानसिक दबाव के बावजूद जिस दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ रक्षा बलों के खिलाड़ियों ने प्रदर्शन किया, वह असाधारण है.

> उन्होंने कहा कि इन खिलाड़ियों ने न केवल खेल के मैदान में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, बल्कि अपने अनुशासन, समर्पण और जज्बे से देश का गौरव भी बढ़ाया है. उन्होंने खिलाड़ियों को युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बताते हुए कहा कि वे एक सैनिक और एक चैंपियन के बेहतरीन मेल का उदाहरण हैं. महिला खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की. मुक्केबाजी में भारत को मिले छह स्वर्ण पदकों में चार महिला मुक्केबाजों के नाम रहे. उन्होंने कहा कि महिला खिलाड़ियों की यह सफलता अन्य लड़कियों को भी खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ने और रक्षा बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित करेगी.

सीएम योगी करेंगे यूपी टी-20 का उद्घाटन

लखनऊ, 14 अगस्त यूपी टी-20 लीग के चौथे सत्र के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे.

लीग के आगाज से एक दिन पहले गुरुवार को गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन डॉ. संजय कपूर ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें उद्घाटन समारोह का निमंत्रण दिया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया.

डॉ. कपूर ने बताया कि मुख्यमंत्री से हुई मुलाकात के दौरान लीग की सभी छह टीमों के कप्तान भी मौजूद रहे. कप्तानों ने मुख्यमंत्री को उद्घाटन समारोह में शामिल होने का आमंत्रण दिया.

> मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया. उन्होंने बताया कि यूपी टी-20 लीग सीजन-4 का उद्घाटन समारोह 14 अगस्त को लखनऊ स्थित भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित होगा. समारोह में मुख्यमंत्री मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, जबकि बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे. डॉ. कपूर के अनुसार उद्घाटन समारोह को आकर्षक बनाने के लिए प्रसिद्ध गायक शंकर महादेवन और गायिका जैस्मीन सैंडलास की लाइव प्रस्तुति होगी.



स्वियातेक ने जीता सीजन का अपना पहला खिताब

टोरंटो, 14 अगस्त पोलैंड की छह बार की टेनिस मेजर चैंपियन इगा स्वियातेक ने कनाडा ओपन के फ़ाइनल में दुनिया की नंबर 2 खिलाड़ी एलिना रिबाकिना को 6-2, 6-3 से हराकर 2026 का अपना पहला खिताब जीता.

गुरुवार को खेले गये खिताबी मुकाबले में स्वियातेक ने ब्रेक पॉइंट के दोनों मौकों को भुनाया और उतने ही मौकों को बचाया भी. उन्होंने मौजूदा ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन रिबाकिना के खिलाफ पहले सेट में मज़बूत शुरुआत की.

दूसरे सेट में, पोलैंड की दुनिया की नंबर 8 खिलाड़ी को अपनी कजाकिस्तान प्रतिद्वंद्वी से किसी ब्रेक पॉइंट का सामना नहीं करना पड़ा और उन्हें मिले तीन मौकों में से दो को भुनाते हुए एक घंटे 15 मिनट में जीत हासिल की.

स्वियातेक ने खिताब जीतने के बाद कहा, 'मैं यह खिताब उन सभी लोगों को समर्पित करना चाहती हूं जो अनुचित फ़ैसलों और नफ़रत का सामना कर रहे हैं. बस आगे बढ़ते रहो, तरक्की करते रहो और खुद पर ध्यान केंद्रित करो क्योंकि तुम जानते हो कि तुम्हारे लिए क्या बेहतर है. और हमेशा याद रखो कि आगे क्या है और क्या मुमकिन हो सकता है.'

सबालेंका से आगे निकल गई स्वियातेक

टोरंटो में मिली यह जीत स्वियातेक का 12वां डब्ल्यूटीए 1000 खिताब था. इसके साथ ही वह आर्यना सबालेंका (11) से आगे निकल गईं और 2009 में इस फ़ॉर्मेट की शुरुआत के बाद से सबसे अधिक खिताब जीतने वालों की सूची में दूसरे स्थान पर आ गईं. दुनिया की पूर्व नंबर वन खिलाड़ी अब केवल सेरेना विलियम्स से पीछे हैं, जिनके नाम ऐसे 13 खिताब हैं.

एक नजर में

बांग्लादेश को 153 रन की बढ़त

डार्विन (ऑस्ट्रेलिया). तंजिद हसन (101) और कप्तान नजमुल शांतो (84) रनों की पारियों की बदौलत बंगलादेश ने पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ स्टंप्स के समय तक छह विकेट पर 351 रन बनाकर 153 रनों की बढ़त हासिल कर ली है. बंगलादेश ने कल के 96 रन पर एक विकेट से आगे खेलना शुरु किया. आज सुबह सत्र में जॉश हेजलवुड ने मोमिनुल हक (49) को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को दिन की पहली सफलता दिलाई. इसके बाद बल्लेबाजी करने आये नजमुल शांतो ने तंजिद हसन के साथ पारी को संभाला. दोनों बल्लेबाजों ने धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए रन बटोरे. दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 93 रनों की साझेदारी हुई. इसी दौरान तंजिद हसन ने अपना शतक पूरा किया.

चेन्नई ओपन अंतरराष्ट्रीय टेनिस 2-8 नवंबर तक

चेन्नई. चेन्नई ओपन डब्ल्यूटीए अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट यहां एसडीएटी नुंगमबक्कम टेनिस स्टेडियम में 2 से 8 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा. तमिलनाडु टेनिस एसोसिएशन (टीएनटीए) के अध्यक्ष और पूर्व डेविस कप खिलाड़ी विजय अमृतराज ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि डब्ल्यूटीए 250 इवेंट चेन्नई ओपन, जो भारत में आयोजित होने वाला महिलाओं का अब तक का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता है, लगातार दूसरे साल और तीसरी बार आयोजित किया जा रहा है.

विनय बने कर्नाटक क्रिकेट टीम के मुख्य कोच



बेंगलुरु. भारत के पूर्व तेज गेंदबाज विनय कुमार को आगामी घरेलू सीजन के लिए कर्नाटक टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है. जबकि कर्नाटक के पूर्व बल्लेबाज दीपक चौगले क्षेत्ररक्षक कोच के रूप में उनके सपोर्ट स्टाफ़ का हिस्सा होंगे. 42 वर्षीय विनय यह जिम्मेदारी येरे गौड़ से संभालेंगे. हाल ही में महाराजा टी-20 ट्रॉफी में हुबली टाइगर्स की कमान संभालने के बाद, कर्नाटक के मुख्य कोच के रूप में विनय की यह पहली जिम्मेदारी होगी. उनके पास फ्रेंचाइजी टी-20 कोचिंग का भी उच्च स्तरीय अनुभव है, जहां वह यूएई की आईएलटी-20 में 'एमआई एमिरेट्स' के गेंदबाजी कोच रह चुके हैं. इसके अलावा 2021 में प्रथम श्रेणी और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद, विनय मुंबई इंडियंस में आईपीएल टैलेंट स्काउट की भूमिका भी निभा चुके हैं.

कानपुर में सजेगा टेबल टेनिस का राष्ट्रीय महाकुंभ

कानपुर. टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया (टीटीएफआई) के सत्र 2026-27 की पहली यूटीटी राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप का आयोजन 16 से 23 अगस्त तक कानपुर स्थित द स्पोर्ट्स हब (टीएसएच) में किया जाएगा. उत्तर प्रदेश टेबल टेनिस संघ की मेजबानी में खेली जाने वाली प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 3,000 खिलाड़ी, प्रशिक्षक, तकनीकी अधिकारी और विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे. आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी संजीव पाठक ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आमंत्रित किया गया है.

सीपीएल : गुयाना ने जमैका को 6 विकेट से हराया

गुयाना, 14 अगस्त मोहम्मद नबी (चार विकेट) और शाई होप की (नाबाद 56) रनों की अर्धशतकीय पारी की बदौलत गुयाना अमेजन वॉरियर्स ने सीपीएल 2026 में जीत के साथ शुरुआत की. उन्होंने 35 गेंदें शेष रहते जमैका किंग्समैन को छह विकेट से हराया.

लगातार हार के बाद इस मैच में उतरी किंग्समैन टीम को एक और करारी हार का सामना करना पड़ा; वे अमेज़न वॉरियर्स के स्पिन अटैक के शानदार खेल का कोई जवाब नहीं ढूंढ पाए. सबीना पार्क में गुरुवार को खेले गये मुकाबले में खारी पियरे ने पहले गेंदबाजी करने के गुयाना के फैसले को सही साबित करते हुए शयान जहांगीर का शुरुआती विकेट लिया, और फिर शमर जोसेफ ने पावरप्ले के आखिर में कीसी कार्टी को आउट किया. किंग्समैन ने उस दौर में सिर्फ़ 26 रन बनाए, जिसके बाद रीजा हेंड्रिक्स ने पारी में कुछ तेज़ी लाने की कोशिश की. हेंड्रिक्स और रोवमैन पॉवेल के बीच 35 रनों की साझेदारी हुई, लेकिन कप्तान इमरान ताहिर ने हसन खान (जो नबी का पहला शिकार बने) के आउट होने के बाद उन दोनों को भी आउट कर दिया.

117 रनों पर ऑलआउट हो गई किंग्समैन

इसके बाद नबी ने किंग्समैन के निचले-मध्य क्रम को ध्वस्त कर दिया; आंद्रे रसेल का विकेट गिरना किंग्समैन के लिए आखिरी कील साबित हुआ, क्योंकि उन्होंने बहुत ही साधारण तरीके से कैच थमा दिया. नबी ने 4/22 के आंकड़े के साथ गेंदबाजी खत्म की, जबकि ग्लेन फिलिप्स ने भी एक विकेट लिया; स्पिनरों ने गिरे हुए दस में से आठ विकेट लिए. किंग्समैन की टीम दो गेंदें बाकी रहते ही 117 रनों पर ऑलआउट हो गई. जवाब में, पदार्पण कर रहे मावेंद्र डिंड्याल 'गोल्डन डक' (पहली ही गेंद पर आउट) का शिकार बने.

ट्विनिंग को बनाया डब्ल्यूबीबीएल कोच

मेलबर्न, 14 अगस्त मेलबर्न रेनेगेड्स ने ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम के असिस्टेंट कोच गैवन ट्विनिंग को आगामी डब्ल्यूबीबीएल सीजन के लिए अपना मुख्य कोच नियुक्त किया है.

ट्विनिंग अक्टूबर में बंगलादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की सीरीज़ के बाद क्लब से जुड़ेंगे और डब्ल्यूबीबीएल सीज़न के बाद नेशनल टीम के साथ अपनी भूमिका में लौट आएंगे. उन्होंने रेनेगेड्स और ऑस्ट्रेलिया की कप्तान सोफी मोलिनक्स के साथ नेशनल टीम में उनके रोल के दौरान काफी काम किया है.

> रेनेगेड्स के हाई-परफॉर्मेंस मैनेजर क्लिंट मैके टी-20 स्प्रिंग चैलेंज के दौरान टीम की कमान संभालेंगे। ट्विनिंग ने साइमन हेल्मोट की जगह ली है, जिन्होंने ऑफ-सीज़न के दौरान दूसरी फ्रेंचाइज़ी के साथ काम करने के लिए पद छोड़ दिया था। रेनेगेड्स के जनरल मैनेजर मैक्स एबॉट ने कहा, 'गैवन हमारे डब्ल्यूबीबीएल कार्यक्रम के लिए एक बेहतरीन सदस्य हैं, जो हमारे ग्रुप में वर्ल्ड कप जीतने का अनुभव लेकर आ रहे हैं। टीम में पहले से ही बहुत सकारात्मक माहौल है और हमें लगा कि गैवन उस माहौल को और बेहतर बनाने के लिए सबसे सही व्यक्ति हैं.

कोको गॉफ को मिला 'बाय' से प्रवेश

ओहियो. अमेरिका की स्टार टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ शनिवार को टेनिस कोर्ट पर वापसी कर रही हैं. उन्हें सिनसिनाटी ओपन 2026 के पहले राउंड में 'बाय' (सीधे अगले दौर में प्रवेश) मिला है. चौथी सीड गॉफ, जिन्होंने तीन साल पहले इसी टूर्नामेंट में अपना पहला डब्ल्यूटीए खिताब जीता था, अब यूलिया पुतिनत्सेवा या ल्यूडमिला सैमसनोवा में से किसी एक का सामना करेंगी. यह उनके बीच होने वाले मैच के नतीजे पर निर्भर करेगा. 22 साल की यह खिलाड़ी शानदार फॉर्म में है. हाल ही में वह कनाडा ओपन के सेमीफ़ाइनल तक पहुंची थीं.

ओसासुना बनाम सेल्टा विगो मुकाबला स्थगित

विगो (स्पेन). सेल्टा विगो ने अपने स्टेडियम के मैदान पर फंगस के प्रकोप के कारण ओसासुना के खिलाफ अपने शुरुआती मुकाबले को स्थगित कर दिया. ला लीगा ने कहा कि दोनों क्लब और स्पेनिश फुटबॉल महासंघ की सहमति के बाद खेल को स्थगित किया. क्योंकि स्टेडियम में 'एक बीमारी ने प्रभावित किया है.' हालांकि, ओसासुना ने बाद में एक बयान जारी कर कहा कि वे मैच के लिए निर्धारित नई तारीख, 27 अगस्त से सहमत नहीं हैं, क्योंकि यह उनके हितों के खिलाफ है और 'दोनों क्लबों के बीच हुए पिछले समझौते' को रद्द करती है.

चर्चिल ब्रदर्स को 100 रु. में मिलेगी जेएफएसपीएल

मुंबई, 14 अगस्त टाटा स्टील ने 'जमशेदपुर फुटबॉल एंड स्पोर्टिंग प्राइवेट लिमिटेड' (जेएफएसपीएल) में अपनी इक्विटी हिस्सेदारी चर्चिल ब्रदर्स फुटबॉल क्लब को 100 रुपये की नाममात्र की राशि के बदले हस्तांतरित करने पर सहमति जतायी है.

दोनों पक्षों के बीच शुक्रवार को इस संबंध में समझौता हुआ. बिक्री की प्रक्रिया 31 अगस्त 2026 तक पूरी होने की उम्मीद है. टाटा स्टील के निदेशकमंडल ने 30 जुलाई 2026 को हुई बैठक में इस सौदे के लिए स्वीकृति प्रदान की थी. जेएफएसपीएल का नेटवर्थ 31 मार्च 2026 को 5.8 करोड़ रुपये ऋणात्मक था. वित्त वर्ष 2025-26 में उसका कुल कारोबार 32.23 करोड़ रुपये का था. टाटा स्टील ने शुक्रवार को बताया कि यह हस्तांतरण अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के नियमों के अनुरूप किया गया है.

विश्व कप अभियान शुरू | वेल्स के खिलाफ पहला मुकाबला ; इंग्लैंड और पाकिस्तान भी पूल में

1975 की विरासत के साथ इतिहास रचने उतरेगा भारत

51 साल से भारत को विश्व कप खिताब का इंतजार

08 खिलाड़ी पहली बार विश्व कप में दिखाएंगे दम

नई दिल्ली, 14 अगस्त भारतीय पुरुष हॉकी टीम 51 साल पुरानी गौरवशाली विरासत को आगे बढ़ाने और विश्व हॉकी के सबसे बड़े मंच पर नया इतिहास रचने के इरादे से एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2026 में उतरेगी.

बेल्जियम और नीदरलैंड में शनिवार से शुरू होने वाले टूर्नामेंट में भारत अपने अभियान की शुरुआत वेल्स के खिलाफ करेगा. स्वतंत्रता दिवस के आसपास शुरू हो रहा यह विश्व कप भारतीय टीम के लिए सिर्फ एक और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता नहीं, बल्कि उस सुनहरे इतिहास को फिर से जीवंत करने का अवसर है, जिसकी शुरुआत 1975 में कुआलालंपुर में मिली भारत की एकमात्र विश्व कप जीत से हुई थी. 1975 में कप्तान अजीत पाल सिंह के नेतृत्व में भारत ने खिताब जीतकर देश के खेल इतिहास में एक अमिट अध्याय लिखा था.

> उस समय हॉकी भारतीय खेल पहचान का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा थी. अब 51 साल बाद हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली नई भारतीय टीम उसी विरासत को अपने अंदाज में आगे बढ़ाने के लिए तैयार है. दिलचस्प संयोग यह है कि अजीत पाल सिंह की तरह हरमनप्रीत भी कप्तान के तौर पर अपने दूसरे विश्व कप में टीम का नेतृत्व करेंगे. हरमनप्रीत ने 2023 विश्व कप में पहली बार कप्तानी की थी. इस तरह वह दो विश्व कप में भारत की कप्तानी करने वाले अजीत पाल सिंह के बाद दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन जाएंगे. हालांकि टीम अच्छी तरह जानती है कि केवल इतिहास के भरोसे विश्व कप नहीं जीता जा सकता. मैदान पर वर्तमान प्रदर्शन, रणनीति, फिटनेस और दबाव में सही फैसले ही खिताब की राह तय करेंगे. भारत की हालिया तैयारियों ने उम्मीदें जरूर बढ़ाई हैं. एफआईएच प्रो लीग के अंतिम चरण में टीम ने मौजूदा विश्व चैंपियन जर्मनी और ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड के खिलाफ शानदार जीत दर्ज की.